Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 24-03-2005

Participants : Manjhi Shri Rajesh Kumar

Title: Need for ensuring industrial development in Gaya Parliamentary Constituency, Bihar with a view to generate employment opportunities. – Laid.

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र गया, बिहार में उद्योग धंधे बिल्कुल नहीं हैं। जो दो पुराने मिल थे, एन टी सी कॉटन मिल और गुरारू चीनी मिल, वे भी बंद हो गये। इस क्षेत्र में भयंकर सुखाड़ की वजह से बेरोजगारी काफी बढ़ गयी है। हजारों हजार की संख्या में बेरोजगार महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं। इससे शहरी ग्रामीण क्षेत्र का सामंजस्य बिगड़ गया है।

बेरोजगारों को कोई काम नहीं मिलने की वजह से ये उग्रवाद का रास्ता अपना रहे हैं, जिससे क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियां काफी बढ़ गयी हैं। उग्रवादी लोग, बेरोजगारों को गुमराह कर रहे हैं। अगर जिले में नये उद्योग-धंधे लगाये जाते हैं तो बेरोजगार लोग, उग्रवाद का रास्ता छोड़कर, राट्र की मुख्यधारा में आ जायेंगे। अतः गया को उद्योगविहीन जिला घोाित कर, वहां पर नये उद्योग धंधे लगाने की जरूरत है।

मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि गया को उद्योगविहीन जिला घोाित किया जाये।